## सार-समाचार

### कावड़ियों के दल हरिद्वार रवाना

**जुरहरा, भरतपुर** (निस)। सावन के पवित्र महीने में हरिद्वार से पावन गंगाजल लाकर अपने आराध्य भगवान शिव का अभिषेक करने के लिए शुक्रवार की देर शाम को 26 सदस्यीय पैदल डाक कावडियों व शनिवार की सुबह 30 सदस्यीय बाइक सवार कावड़ियों के दल गंगाजल लेने के लिए रवाना हुए। शुक्रवार की देर शाम को पैदल डाक कावड़ियों के दल ने क़स्बे के प्राचीन श्री शिव मंदिर व चमत्कारी श्री इन्द्रकुटी हनुमानजी मंदिर पर विधि-विधान व मंत्रोच्चार के साथ भगवान महादेव व हनुमानजी की पूजा अर्चना कर व अपने से बड़ों के चरण स्पर्श कर कांवड लेने के लिए हरिद्वार के लिए प्रस्थान किया। कस्बा निवासी बीजेपी नेता विनोद मानवी व बीजेपी नेता राजेन्द्र जांगिड ने सभी कावड़ियों को कावड़ यात्रा की बधाई देते हुए उनकी सफल यात्रा की कामना की। डाक कावड़ संघ के टीकम सैनी व रमेश शर्मा ने बताया कि सोमवार को हरिद्वार से गंगाजल के रूप में कावड़ उठाई जाएगी जिसे बिना रुके हुए क़स्बे में लाकर गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक किया जाएगा। जुरहरा कस्बेवासियों ने आतिशबाजी कर व भगवान शिव के जयकारों के साथ डांक कावड़ियों की सुरक्षित यात्रा की कामना करते हुए उन्हें हरिद्वार के लिए रवाना किया। इसके अलावा शनिवार को सुबह 15 बाइकों पर सवार 30 कांवड़ियों का दल शिव मंदिर व इन्द्रकुटी हनुमानजी की पूजा कर हरिद्वार हुआ। सावन का महीना लगते ही शिव भक्तों में कावड़ लाने के लिए होड़ लग जाती है। शुक्रवार व शनिवार को हरिद्वार से कांवड लेने के लिए जाने वाले भक्तजनों में उमंग, उत्साह, प्रेम व सौहार्द जबरदस्त था। प्राचीन शिव मंदिर से हर-हर महादेव व वीर बजरंगी के जयघोषों से गूंज उठा। इस मौके पर मुख्य रूप से पवन सचदेवा, सोनू सोनी, दुर्वेश प्रजापति, कन्हैया शर्मा, अमरसिंह सैनी, रोहताश प्रजापति, भूपेश अठावाल सहित काफी संख्या में कस्बेवासी मौजूद रहे।

### जिला स्थापना दिवस पर किया पौधारोपण

**करौली,** (निसं.) भारत विकास परिषद् शाखा करौली द्वारा आज जिले का अट्ठाइस वाँ स्थापना दिवस वृक्षारोपण के साथ मनाया गया। परिषद् के जिला समन्वयक राजेन्द्र दीवान ने बताया कि प्रांतीय पर्यावरण एवं जल संरक्षण प्रभारी सीताराम शर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में सदस्यों ने कॉलेज के पीछे माउंटेड पुलिस शाखा करौली के परिसर में सघन वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर माउंटेड पुलिस शाखा के अधिकारी कर्मचारियों के साथ परिषद् के प्रांतीय आईटी सेल प्रभारी योगेन्द्र सिंहल,सचिव दिनेश सेठी, डॉ प्रदीप जैन, पुरुषोत्तम शर्मा, अखलेश गुप्ता, हरीशर्मा, धर्मेन्द्र सिंह जादौन, कमलाकांत शर्मा, महेन्द्र शर्मा, मंजूलता गोयल,आंवला आदि ने आम सिरस, नींबू बरगद आदि विभिन्न प्रजातियों के पचास पौधे रोपित किए। परिषद् के अध्यक्ष तुलसी दास गोयनका ने पौधों के देखभाल की जिम्मेदारी निर्वहन हेतु पुलिस अधिकारी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया है।

### समूहिक अवकाश पर रहे न्यायिक कर्मचारी

**करौला,** (निसं.) राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ के आव्हान पर शनिवार से जिले के समस्त न्यायिक कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहे। संघ के जिलाध्यक्ष देवेंद्र चैधरी ने बताया कि राजस्थान उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ द्वारा कर्मचारियों का कैडर पुनर्गठन प्रस्ताव पारित कर राज सरकार को लगभग ढाई साल पूर्व भेजा गया था लेकिन राज सरकार ने न्यायिक कर्मचारियों का पुनर्गठन अभी तक नहीं किया है इस बाबत में राज सरकार व राजस्थान उच्च न्यायालय को बार-बार ज्ञापन दिए गए मजबूरन होकर ढाई साल में पुनर्गठन नहीं होने के कारण कर्मचारियों को सामूहिक अवकाश पर रहना पड़ा है। जिले के हिंडौन, टोडाभीम, नादौती,सपोटरा न्याय क्षेत्र सहित करौली जिला मुख्यालय पर सभी कर्मचारी शनिवार से अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। इस दौरान प्रोटोकॉल अधिकारी कबीरुल हसन,वरिष्ठ मुंसरिम शिवदत्त शर्मा,प्रांतीय सभा अध्यक्ष मुकेश कौशिक,प्रांतीय प्रतिनिधि अरुण शर्मा,हरिओम सिंह,संयोजक सुरेश जोशी,राजेंद्र प्रसाद गुप्ता,दिनेश गुप्ता,सुभाष सिंघल जगराम मीणा , कैशलेश शर्मा,आशीष गुप्ता, नरोत्तम शर्मा, रहीश, गुलाब वर्मा, बालकृष्ण, गुलाब वर्मा सहित समस्त जिले के न्यायिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिले के 40 आर्य समाजों के प्रतिनिधि

**भरतपुर** (निस)। प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा जयपुर के दी वार्षिक चुनाव में भाग लेने के लिए भरतपुर जिले के 40 आर्य समाजों के प्रतिनिधि बस के द्वारा जयपुर जा रहे हैं जहां रविवार को प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा का चुनाव होगा भरतपुर जिले के पूर्व प्रधान ओमप्रकाश गुणसरा पूर्व प्रधान सत्यदेव आर्य पूर्व मंत्री एवं आर्य प्रतिनिधि सभा जयपुर के उप प्रधान मानसिंह आर्य आर्य प्रतिनिधि सभा भरतपुर के मंत्री बालवीर आर्य कंजौली आर्य समाज के प्रधान पदम सिंह आर्य हजारीलाल आर्य आर्यसमाज काम से आर्य समाज आर्य समाज के प्रधान रामवीर सिंह आर्य आर्य समाज चिकसाना जय चोली बिलौटी गुणसरा जाटोली रथ भान नगर एवं काफी आर्य प्रतिनिधि जयपुर हमारे साथ बस द्वारा आए हैं।

### मीणा महासभा की प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार

**करौली,** (निसं.) राजस्थान आदिवासी मीना महासभा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष प्रो रामेश्वर मूंडरी ने प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। प्रदेश मीडिया प्रभारी राजकुमार नारोली ने बताया कि प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर रामकिशन आदूका राजगढ,रामखिलाडी सूरैर, रामस्वरूप ठेंटडा, शंकरलाल खंडीप, हीरालाल डीलर औडच, बाबूलाल डूंडापुरा, जलधारी प्रधान करौली, हरीशचंद्र उर्फ हरीया नौरंगवाडा, नमोनारायण बरदाला, बसंतीलाल नाहरखोर्रा, रमापति बाड़ी, शीशराम महस्वा, प्रदेश संगठन महासचिव पद पर पुष्पेन्द्र मीना कोंडर,प्रदेश महासचिव पद पर डां भरतलाल कालाखाना, विजय सिंह हीरो एजेंसी फैलीपुरा, जयसिंह झारोटी, राजेन्द्र कुमार उर्फ राजू जारेडा गांवड़ी,आशाराम भैडोली,डां चन्द्र प्रकाश चकेरी, डां बाबूलाल आखावाडा, रामहंस अध्यापक गांवड़ी, मुकेश पूर्व प्रधान फतेहपुर, प्रदेश सचिव पद पर राजेन्द्र मनेमा , समय सिंह बथुआ खो,सुदामा सरपंच नंगला मीना, सुरेश चन्द्र शंकरपुर, उदयराज पदमपुरा, शिवराम रूधपुरा, रामेश्वर कुट्टीन, नरसी लाल बझेड़ा, जलसिंह करौली, प्रकाश पालनपुर, दाताराम रूंधपुरा, मुंशीलाल छैंड का पुरा, खेमराज करीरी,कमल राम भिंडीपुरा, कुंजीलाल बडापुरा, घनश्याम इरनिया,समयराज कोंडर, फूलसिंह बांधवा, भरतलाल ढिगारिया कपूर, नरेंद्र जोरवाल निठार , प्रदेश कार्यालय प्रभारी चेतराम चैनपुर बर्रिया , मारुति नंदन बड़ागांव, धनराज आड़ा डूंगर, सोशल मीडिया प्रभारी चतर सिंह कंचनपुरा, राजेश दीपपुरा, रघुराज कोडरीयान का पुरा मनोनीत किया गया है।

# भरतपुर में बाल तस्करी रोकने के लिए रेलवे जी.आर.पी. आर.पी.एफ मुस्तैद

■ **जीआरपी पुलिस आरपीएफ एवं मानव तस्करी उन्मूलन विभाग संरक्षण के क्षेत्र में काम कर रही स्वयंसेवी संस्था से भी संगठन संस्थानों जैसे दिशा फाउंडेशन के साथ मिलकर जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है**

**भरतपुर** (निस)। रेलवे स्टेशन भरतपुर में विश्व मानव दुर्व्यवहार विरोधी अभियान के तहत रेलवे स्टेशन भरतपुर के प्लेटफार्म पर विश्व मानव तस्करी उन्मूलन दिवस विशेष अभियान 15 से 30 जुलाई तक जीआरपी पुलिस आरपीएफ एवं मानव तस्करी उन्मूलन विभाग संरक्षण के क्षेत्र में काम कर रही स्वयंसेवी संस्था से भी संगठन संस्थानों जैसे दिशा फाउंडेशन के साथ मिलकर जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन एवं प्रयत्न संस्था द्वारा विकसित किए गए बैनर पोस्टर एवं टोल फ्री नंबर जिसमें मैं अच्छी से अंकित है स्टेशन मास्टर डीसी मीणा, एसएमआई हरिराम महरौलिया आर.पी.एफ प्रभारी प्रदीप तिवारी जीआरपी से राजेश कुमार एवं मानव तस्करी विरोधी यूनिट से पूरन चंद शर्मा दिशा फाउण्डेशन के निदेशक दिनेश कुमार सिंह की उपस्थिति में जीआरपी हेल्प डेस्क में प्लेटफार्म नंबर एक में विश्व मानव तस्करी विरोधी जागरूकता एवं कानूनी की जानकारी के पोस्टर एवं स्टीकर प्रदर्शित करवाया गया ताकि यात्रियों को इस अभियान की जानकारी मिले एवं टोल फ्री नंबर पर सूचित किया जा सके प्रयत्न संस्था द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर में चाइल्ड टैफिकिंग को लेकर अनाउंसमेंट भी करवाया जा रहा है।

इस कार्यक्रम के दौरान टीना चौधरी एवं नीतू शर्मा द्वारा प्लेटफार्म पर पंपलेट वितरण कर यात्रियों को समझाया गया कि बाल तस्करी गंभीर अपराध है, इसे रोकने के सहयोग करने के लिए अपील की गई अगर कहीं कोई बालक मिलता है तो चाइल्ड हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1098 एवं बचपन बचाओं टोल फ्री नंबर 1800102722 पर कॉल करके सूचित करने के लिए कहा। कार्यक्रम के अंत में इस मुहिम की प्रभारी शालो हेम्ब्रोम ने उपस्थित सभी अतिथि एवं आप सीआरपीएफ स्टेशन मास्टर एवं विभिन्न विभागों से पधारे अतिथियों को सक्रिय रूप से इस मुहिम में जोड़ने एवं बच्चों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को निभाने के लिए एक यह एक सराहनीय कदम था। इस मुहिम में चाइल्ड हेल्पलाइन प्रभारी प्रेमराज परणामी एवं रेलवे स्टेशन विभाग के सफाई कर्मचारी, बिजली कर्मचारी, रिक्शा चालक यूनियन, कुली युनियन आदि उपस्थित रहे।

# तीन जनों को किया घायल

■ **रुदावल थाना एचएम प्रमोद कुमार ने बताया कि गांव वैदपुरा निवासी केशराज पुत्र मांगीलाल जाटव ने मामला दर्ज कराया है कि वह देर शाम साढे 8 बजे पड़ोस में गया था**

**रुदावल भरतपुर** (निस)। रुदावल थाना क्षेत्र के गांव वैदपुरा में बिजली बिल का हिस्सा मांगने पर नामजदों ने मारपीट कर तीन जनों को घायल कर दिया। रुदावल थाना एचएम प्रमोद कुमार ने बताया कि गांव वैदपुरा निवासी केशराज पुत्र मांगीलाल जाटव ने मामला दर्ज कराया है कि वह देर शाम साढे 8 बजे पड़ोस में गया था। घर पर उसकी मां संतो और पत्नी पिंकी थी। तभी गांव के ही रामकिशन, उसका बेटा लोकेन्द्र, पत्नी मीना और बेटी करीना लाठी, डंडा और फरसा लेकर घर में घुस आए। मां संतो से गाली-गलौच की। विरोध करने पर करीना ने फरसे से संतो के सिर पर वार किया। सिर से खून बहने लगा। संतो जमीन पर गिर गई। पत्नी पिंकी बचाने आई तो रामकिशन और करीना ने उसे पकड़ लिया।

लोकेन्द्र ने उसके सिर पर लाठी मारी। पिंकी को सिर में गंभीर चोट आई। शोर सुनकर केशराज घर पहुंचा तो मां और पत्नी जमीन पर पड़ी थीं। आरोपी लाठी-डंडों से मारपीट कर रहे थे। बचाने की कोशिश की तो लोकेन्द्र ने केशराज के मुंह पर लाठी मारी। उसकी दाहिनी आंख में अंदरूनी चोट आई। फिर उसे जमीन पर पटक कर मारपीट कर घायल कर दिया। केशराज ने बताया कि उसका बिजली मीटर रामकिशन के हिस्से में लगा था। रामकिशन उसके घर से बिजली लेता था। तय हुआ था कि बिल आधा-आधा देंगे। लेकिन रामकिशन तीन साल से बिल नहीं दे रहा था। 14 हजार रुपये बकाया हो गए थे। कई बार पैसे मांगे, लेकिन वह टालता रहा। इसी बात पर हमला किया और पैसे देने से मना कर दिया।

### विश्वास सागर का किसान सेना ने किया सम्मान

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर के ठााम माढोनी हाल निवास आनंद नगर कॉलोनी के ओम प्रकाश के पुत्र विश्वास सागर सीजीएसटी एड कस्टम डिपार्टमेंट मे चयन होने पर किसान सेना ने सम्मानित किया और इनकी लंबी उम्र व उज्जल भविष्य की शुभकामना करते हुए इनके पिता ओम प्रकाश को सम्मानित कर धन्यवाद दिया व कहा कि ऐसे मां पिता धन्यवाद के पात्र होते हैं जिन्होंने अपने बेटियों बच्चों को अच्छी संस्कार दिए मेहनत मजदूरी कर पढा लिखा कर इस योग्य बनाया ।

### मुण्डायारा से तृतीय विशाल डाक कावड यात्रा रवाना

■ **71 शिव भक्तों ने सोरों के लिए भरी आस्था की डाक**

भुसावर, भरतपुर (निस)। कस्बे के पंचमुखी हनुमान जी मंदिर प्रांगण से शिव डाक सेवा समिति मुण्डायारा के तत्वाधान में तृतीय विशाल डाक कावड़ यात्रा आज 19 जुलाई शनिवार को शिव परिवार, पंचमुखी हनुमान जी की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर गंगा जी सोरौ के रवाना हुए जिन्हें फीता काटकर रवाना किया। शिव डाक सेवा समिति मुण्डायारा के नगर पालिका भुसावर के पूर्व पार्षद एवं सब्जी मंडी के अढातिया रतन लाल सैनी, शिव भक्त पदम सिंह सैनी, श्री सिंह , नन्दा सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज कस्बे के शिव परिवार पंचमुखी हनुमान जी मंदिर मुण्डायारा से शिव डाक सेवा समिति मुण्डायारा के तत्वाधान में तृतीय विशाल डाक कावड़ यात्रा भगवान की पूजा अर्चना कर 71, शिव भक्तों के साथ गंगा जी सोरों के लिए रवाना हुई। जहां विशाल कावड़ यात्रा रवाना से पुर्व शिव परिवार पंचमुखी हनुमान जी मंदिर मुण्डायारा पर बहन, बेटियों द्वारा शिव भक्तों के मस्तक पर टीका लगाकर मुंह मीठा करते हुए रवाना किया।

### भरतपुर के बराखुर गांव में जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त

■ **विद्यालय मार्ग डूबा, समाधान की उठी मांग**

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर जिले के वार्ड संख्या 53 में शामिल बराखुर गांव में हाल ही की बारिशों के चलते जलभराव की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है। पोखर का पानी ओवरफ्लो होकर मुख्य रास्तों, विद्यालय परिसर, मंदिर और घरों में घुस गया है। ठाामवासियों ने इस संबंध में विधायक सुभाष गर्ग को पत्र लिखकर जल्द समाधान की मांग की है। बरसात के कारण बराखुर गांव की पोखर पूरी तरह भर चुकी है और पानी गाँव की ओर बहकर मुख्य रास्तों पर फैल गया है। विद्यालय जाने वाला रास्ता जलमग्न हो गया है, जिससे विद्यार्थियों और शिक्षकों को कठिनाई हो रही है। शिक्षकों के वाहन व स्कूटी पानी में फंसने की घटनाएँ आम हो गई हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। पोखर का पानी मंदिर और आस-पास के घरों में भी घुस गया है। ठाामवासियों ने सुझाव दिया है कि पोखर का पानी नोह बछामदी नहर में पाइपलाइन के जरिए छोड़ा जाए।

### पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**भरतपुर** (निस)। हरियालो राजस्थान अभियान एवं एक पेड़ मां के नाम के तहत शनिवार को श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के कुलपति प्रोफेसर बलराज सिंह के मार्गदर्शन में कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र कुम्हेर पर विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र, कुम्हेर के प्रभारी डॉ. रामफूल पुनिया ने बताया कि इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय कुम्हेर के डीन डॉ. आर. के. मीना मुख्य अतिथि रहे तथा कृषि विज्ञान केन्द्र कुम्हेर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. नवाब सिंह विशिष्ठ अतिथि रहे। डॉ. आर. के. मीना ने कहा कि पौधों से हमारा पर्यावरण व हवा शुद्ध होती है, इसीलिए प्रत्येक व्यक्ति को हर साल कम से कम 5 पौधे रोपित करने चाहिए। पौधारोपण कार्यक्रम में रेडी के कृषि स्नातक छात्र व छात्राओं से केन्द्र के फार्म प्रबंधक रमाकान्त गुप्ता ने 500 पौधे केन्द्र पर रोपित करवाये। इस अवसर पर कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र, कृषि विज्ञान केन्द्र व महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहे।

# एम्बुलेंस को कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**करौली,** (निसं.) जीवन ज्योति फाउंडेशन के मीडिया प्रभारी मदन मोहन भास्कर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह एम्बुलेंस जीवन ज्योति फाउंडेशन संस्था द्वारा ऑनस्पॉट रक्तदान, स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, रोटी बैंक, शीतल जल सेवा,घूमन्तु गौ सेवा के लिए हरा चारा, नेत्र ज्योति चिकित्सा शिविर (अंधता निवारण), वस्त्र वितरण, परिंडा अभियान, रक्तदान जागरूकता, बेटी बचाओ बेटी पढाओ,कैंसर जागरूकता अभियान आदि प्रकल्पों में उपयोगी साबित होगी।

फाउंडेशन सदस्य समाज सेवी बबलू शुक्ला ने कहा पूर्व सांसद डॉ. मनोज राजोरिया से विभिन्न सेवा कार्यों के लिए एम्बुलेंस की माँग की थी। सांसद राजोरिया ने संस्था की मांग को ध्यान में रखते हुए एम्बुलेंस उपलब्ध करा दी गई है। बबलू शुक्ला ने बताया कि यह संस्था अब तक लगभग दस हजार असहाय ओर जरूरतमंद लोगों की निशुक्ल रक्त उपलब्ध कराकर जान बचा चुकी है। इस एम्बुलेंस से फाउंडेशन के कार्यों में निश्चित रूप से मदद मिलेगी।करौली धौलपुर के पूर्व सांसद डॉ. मनोज राजोरिया ने मदन मोहन भास्कर को जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कि प्रेरणा से खेड़ी हैवत गाँव गोद लिया था। गाँव के युवाओं ने रक्तदान की जागरूकता के लिए टीम बनाई थी।

डॉ. राजोरिया ने जीवन ज्योति फाउंडेशन के बारे में बताया कि यह संस्था मानवता कि सेवा के लिए विगत कई वर्षों से बहुत ही सराहनीय और नेक कार्य कर रही है। इनके कार्य को देखकर सांसद कोष से ये एंबुलेंस क्रय कि गई है जिसकी कीमत लगभग 15 लाख रूपये है। इस एम्बुलेंस से सामाजिक कार्यों में मदद मिलेगी और रक्तदाताओं को ऑनस्पॉट रक्तदान करने अपने निजी वाहन से जाना पड़ता था जिसमें मोटरसाईकल से जाने पर दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। इन्ही बातों को ध्यान में रखते हुए फाउंडेशन के लिए एम्बुलेंस उपलब्ध कराई गई है। करौली जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने कहा कि परोपकार की भावना लेकर निस्वार्थ भाव से सेवा करने वाली संस्था जीवन ज्योति फाउंडेशन बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है।जीवन ज्योति फाउंडेशन के संचालक ओमप्रकाश डागुर ने फाउंडेशन की पूरी टीम की ओर से पूर्व सांसद डॉ. मनोज राजोरिया का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर करौली जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना, अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयंती लाल, फाउंडेशन के संचालक ओमप्रकाश डागुर, ंउंर समाजसेवी बबलू शुक्ला, रमेश सिहल, व्याख्याता आशीष कौशिक, राजवीर डागुर,ओमप्रकाश पीटीआई, रिजवान खान, फरमान खान,, मनीष गुप्ता सहित फाउंडेशन के अनेक सदस्य मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### भरतपुर में वीवो ने एक्स-200 एफई और एक्स-फोल्ड 5 मॉडल्स की भव्य लॉन्चिंग की

**भरतपुर** (निस)। अग्रवाल टेलीकॉम भरतपुर डिस्ट्रीब्यूटर वीवो मोबाइल द्वारा अपना नया मॉडल एक्स-200 एफई व एक्स-फोल्ड 5 की धमाकेदार लॉन्चिंग की गई जिसमें भरतपुर शहर के मोबाइल डीलरों ने भाग लिया। वीवो मोबाइल डिस्ट्रीब्यूटर जितेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि हमारा यह मॉडल जोकि इस वैरियंट में बहुत शानदार मॉडल है जिसमें मीडियाटेक, डायमेन्सिटी 9300 का है केमरे की बात करें तो 50508 का वाइल्ड ऐंगल फ्रन्ट कैमरा है जिसमें 180 साल पुरानी कम्पनी जाइज के लैंस लगे हुए हैं जिसमें स्टेज मोड कैमरा, स्ट्रीट मोड कैमरा का फंक्शन दिया गया है तथा फ्रन्ट कैमरे में 50 मैगापिक्सल का ओटो फोकस गुरप सैल्फी कैमरा है, डिस्प्ले की बात करें तो 6.3 इंची 1.5 के टुपर एम्प्रोल्ड डिस्प्ले है जिसमें 5000 एनआईटी की ब्राइटनैस है जो इस सैगमेन्ट के फोन को बहुत ही शानदार बनाती है। यह तीन कलर में उपलब्ध है जिसमें अम्बर, यलो, लक्स ठो थ्रस्ट ब्ल्यचू में उपलब्ध हैं। यह फोन एआई फीचरनैस से लैस है। कार्यक्रम में सिकन्दर सिंह एएसएम, कपिल शर्मा आरएसई, राजवीर सिंह आरएसई एवं अठावाल टेलीकोम और भरतपुर शहर के काफी संख्या में मोबाइल डीलरों ने भाग लिया।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया 28 वां जिला स्थापना दिवस

**करौली,** (निसं.) 28 वे जिला स्थापना दिवस शनिवार को हर्षोउल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। जिला स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रंखला मे रनफॉर रैली, पौधारोपण, पेंटिंग प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ अन्य कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिला स्थापना दिवस के अवसर पर प्रातः 7 बजे त्रिलोक चंद माथुर स्टेडियम से रनफॉर व साईकिल रैली को अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल एवं उपखंड अधिकारी प्रेमराज मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।जिसमें अनेक छात्र-छात्राओं, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, राजस्थान पुलिस के जवानों, स्काउट गाईड, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों एवं मीडियाकर्मीयों ने भाग लिया। रैली स्टेडियम से शुरू होकर गुलाब बाग, हाथी घटा होते हुए पुरानी कलक्टेट सर्किल होते हुये कलक्टेट पहुंचकर समापन हुआ। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल, स्काउट गाईड सीओ अनिल कुमार, सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीना, एडवोकेट ऊधो सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी व शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जिला स्थापना दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग, वनविभाग, नगर परिषद, उपखंड क्षेत्र कार्यालय, समस्त पंचायत समिति, नगरपालिका क्षेत्र एवं अन्य कार्यालयों द्वारा जिले में पौधे लगाए गये। इसके अलावा अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल, उपखंड अधिकारी प्रेमराज मीणा, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीणा सहित अन्य अधिकारीगण ने कलेक्ट्रेट परिसर में साफ सफाई कर समस्त जिलेवासियों को पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया।जिला स्थापना दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के अधिकारी, कर्मचारी एवं सिविल डिफेंस के कार्मिकों ने भी रक्तदान शिविर में भाग लेकर रक्तदान किया एवं रक्तदान करने की अपील भी की।

### भरतपुर में सैन छात्रावास में 27 जुलाई को होगा मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर मे सैन महासभा समिति की बैठक सैन छात्रावास एवं नाईयान बगीची शिव नगर में सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भगवान सिंह खटौटी ने की, इसका संचालन रामनिवास शास्त्री जिला महासचिव ने किया। बैठक में नारायणी माता व सैन महाराज की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर व फूल माला चढाकर बैठक का शुभारंभकिया। बैठक में सर्वप्रथम प्रतिवाभान छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह कराने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस कार्यकम में भाग लेने वाले बच्चे 10वीं, 12वीं, बीए, एम.ए., बी.एससी, बीएड, एम कॉम समस्त मैधावी विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। सैन छात्रावास पर आयोजित होगा। इसी मौके पर दूसरा बिन्दु सैन छात्रावास पर तीन दुकानों का नव निर्माण किया जायेगा एवं तीन दुकानों का अधूरा निर्माण कार्य पडा है उसे पूरा कराने का प्रस्ताव पारित किया गया तथा इसी मौके पर श्री गोपाल जी मंदिर कमेटी का चुनाव कराने की चर्चा व विचार विमर्श किया गया एवं इसी मौके पर जिला बारबर एसोसिऐशन का चुनाव कराने पर बल दिया गया एवं अपनी अपनी अंकतालिका सपना हेयर ड्रेसर कृष्णा नगर, लूपिन ऑफिस के सामने जमा करायें एवं हीरादास सर्किल बच्चूसिंह हेयर ड्रेसर अशोका हॉस्पीटल के सामने जमा करायें। इस बैठक में शामिल कप्तानसिंह बहनेरा, राजा सहनावली, मदन हबीबपुर, हुकमसिंह बयाना लालाराम वैर संजयसिंह रूपवास कोमलसिंह भरतपुर धर्मसिंह कल्याणपुर, मथुरा प्रसाद ठेकेदार, लाखनसिंह मुखिया, बच्चूसिंह सूबेदार, सुनील मौरोली, मानक चंद बॉबी, सुरेश घुस्यारी, सीताराम बाबूजी, ओमप्रकाश आजाद, हरकिशन, पूरनसिंह ओमशांति समस्त सैन समाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### एग्रीस्टैक योजनान्तर्गत फार्मर रजिस्ट्री कैम्पों का आयोजन 31 तक

**करौली,** (निसं.) प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख व जिला नोडल अधिकारी फार्मर रजिस्ट्री प्रेमराज मीना ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री कार्य में संतृप्ता हेतु एवं पीएम किसान के एक्टिव लाभार्थी जो अभी फार्मर रजिस्ट्री से वंचित है उनकी फार्मर रजिस्ट्री बनाने हेतु 31 जुलाई तक तहसीलवार सैचुरेशन कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने बताया कि करौली के तहसील कार्यालय, गुनेसरा, रघुवंशी, महोली के राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर, मासलपुर के तहसील कार्यलय, चैनपुर, कंचनपुर के राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर, सपोटरा के तहसील कार्यालय, जीरौता, नारौली, इनायती, डिकोली कलां के राजीव गांधी सेवा केन्द्र व कुडगांव और करणपुर के उप तहसील कार्यालय पर, मण्डरायल के तहसील कार्यालय,हिण्डौन के तहसील कार्यालय, उप तहसील कार्यालय कटकड, खेडा, महूइब्राहिमपुर के राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर, सूरौठ के तहसील कार्यालय, उप तहसील कार्यालय शेरपुर पर, श्रीमहावीरजी के तहसील कार्यालय पर, टोडाभीम की नगरपालिका कार्यालय पर, नादौती के तहसील कार्यालय, गुढाचन्द्रजी के उप तहसील कार्यालय सहित शहर के राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर व बालघाट के तहसील कार्यालय पर राजकीय अवकाशों को छोडकर उक्त अवधि में सभी दिन शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### परिवार कल्याण क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया

**करौली,** (निसं.)जनसंख्या स्थिरता पखवाडे के अंतर्गत जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन सूचना केंद्र सभागार टाउन हॉल में किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सीएमएचओ डॉ.जयंतीलाल मीणा ने कहा कि बढती जनसंख्या आज देश में एक गंभीर चुनौती बन गई है। जनसंख्या का बढना, जहां एक ओर देश की श्रमशक्ति को बढाता है वहीं दूसरी ओर यह सीमित संसाधनों पर अत्यधिक दबाव डालता है। उन्होंने कहा कि हालांकि जनसंख्या स्थिरीकरण एक चुनौती है, लेकिन यह एक ऐसी चुनौती है जिसे हम सामूहिक प्रयासों से पार कर सकते हैं। आइए, हम सब मिलकर काम करें, ताकि हम एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर सकें, जहां हर किसी को स्वस्थ, खुशहाल, और समृद्ध जीवन जीने का अवसर मिले।उन्होंने चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण परिवार विभाग द्वारा परिवार नियोजन कार्यक्रम को मजबूत करने तथा लोगों की यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में गर्भनिरोधक विकल्पों पर चर्चा करते हुए कहा कि विगत दशक से इंजेक्शन गर्भनिरोधक (अंतरा) और सेंट्रोमैन गोली (छाया) को शामिल किया, जिन्हें एएनएम और आशाओं द्वारा हर योग्य दंपति तक पहुंचाया जा रहा है। इसके अलावा महिला नसबंदी के आवंटित लक्ष्यों को हम पूरा करने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। हाल ही में जिले को एफपी-एल आईएमएस प्रथम श्रेणी में सम्मानित किया गया, इसी श्रेणी में जिले में परिवार कल्याण सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनप्रतिनिधि, चिकित्सा अधिकारी, एएनएम और आशा को सम्मानित किया जा रहा है, जिससे परिवार कल्याण सेवाओं को बल मिलेगा। डिप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण डॉक्टर सतीश चंद मीणा ने परिवार नियोजन के क्षेत्र में जिले की स्थिति को रखते हुए कहा कि बढती जनसंख्या से संसाधनों का अंधाधुंध दोहन बढेगा और आने वाले पीढ़ियों को हम विरासत में अल्प संसाधन रह जाएंगे, इसीलिए जनसंख्या स्थिरीकरण की आवश्यकता बढती जा रही है।

# एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश

■ **महाविद्यालय में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया एक पेड़ माँ के नाम तथा राजस्थान सरकार की हरित राजस्थान मुहिम के अंतर्गत आज बयाना शहर मंडल स्थित देवनारायण**

**भरतपुर** (निस)। भारत सरकार और राजस्थान सरकार द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण एवं हरित भारत निर्माण के संयुक्त प्रयासों के अंतर्गत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष आ ान एक पेड़ माँ के नाम तथा राजस्थान सरकार की हरित राजस्थान मुहिम के अंतर्गत आज बयाना शहर मंडल स्थित देवनारायण महाविद्यालय में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर प